# Success Story/ Best Practices (SHG)

| | | |
|---|---|---|
| **Name of ULB** | : | **SIMDEGA** |
| **F.Y** | : | **2020-21** |
| **SMID** | : | **SHG** |
| **Name of Trade/ Course** | : | **School Dress** |
| **Name of Group** | : | **GULAB SELF HELP GROUP** |
| **Contact No.** | : | **8409993718** |

दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत सिमडेगा शहरी क्षेत्र में होने वाले बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण जिसने प्रस्तुत किया है वह है गुलाब स्वयं सहायता समूह। DAY-NULM से जुड़ने से पूर्व यह समूह अपनी आजीविका हेतु सिलाई का कार्य करते थे। गुलाब स्वयं सहायता समूह वर्ष 2016 में DAY-NULM से जुड़ी। कार्यालय द्वारा समय–समय समूहों के साथ समन्वय बनाकर नियमित बैठक हेतु प्रोत्साहित किया जाने लगा। इसी बीच प्रोजेक्ट के दिशा–निर्देश के आधार पर उनके वार्ड नं0 19 में एरिया लेबल फेडरेशन का गठन किया गया, जो महिलाओं के लिये सही साबित होने लगे। चूंकि शुरू से ही मुस्लिम वर्ग की महिलाएं सिलाई कढ़ाई के क्षेत्र में निपुण रहती है। अतः उस वार्ड में सिलाई के क्षेत्र को ही विकसित करने की ओर कार्यालय का ध्यान रहने लगा और इस सन्दर्भ में एक अच्छा पड़ाव साबित हुआ स्कूली बच्चों की पोशाक बनाना। तात्कालिक कार्यालय पदाधिकारी के सहयोग से जिला सर्व शिक्षा अभियान द्वारा DAY-NULM सिमडेगा को स्कूली बच्चों की पोशाक सीने का काम मिल गया। शुरू में महिलाएं पूंजी का अभाव, संसाधनों की कमी को देखते हुये इस कार्य को करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थीं। बैंक के सहयोग की कमी भी बहुत बड़ा मुद्दा बन गया था। यहाँ पर DAY-NULM की नगर मिशन प्रबंधक ने उनका मानसिक हौसला तो बढ़ाया ही, साथ ही संसाधनों की कमी को देखते हुये सिलाई मशीन की व्यवस्था भी अपने स्तर से कर दी। अब शुरू हुआ सिलाई का कार्य। महिलाएं अपनी क्षमतानुसार सिलाई करने लगी। जिससे कार्य की प्रगति धीमी जा रही थी जो चिन्ता का विषय बन गया। आज वह सभी इस कार्य में इतनी पारंगत हो गयी है कि पूरे दिन में 14 स्कर्ट तक सील लेती है। महिलाएं इससे लाभान्वित होकर महीने में 6000.00 से उपर की आय कर ले रहीं हैं। आज सिमडेगा शहरी क्षेत्र में गुलाब स्वयं सहायता समूह की अलग पहचान बन गई है। जो इस प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा सफल उदाहरण माना जा सकता है।



Sunita 24/11/2020
नगर मिशन प्रबंधक
DAY NULM
परिषद, सिमडेगा


# Success Story/ Best Practices (PM Svanidhi)

| | | |
|---|---|---|
| **Name of ULB** | : | **SIMDEGA** |
| **F.Y** | : | **2020-21** |
| **PMsvanidhi** | : | **PMsvanidhi** |
| **Name of Trade/ Course** | : | **Vegetable shop & Hotel** |
| **Name of Beneficiary** | : | **Mrs Dhawla Devi** |
| **Loan Amount** | : | **10,000.00** |
| **Contact No.** | : | **6207049081** |

साल 2020 कोविड–19 महामारी का प्रकोप पूरे विश्व में जारी रह रहा है। स्थिति इतनी भयावह होती जा रही थी कि सभी ओर लोग आर्थिक तंगी से गुजरने लगे थे। इस महामारी ने लोगों का रोजगार तक समाप्त कर दिया। बड़े पूंजीपति तक इसके प्रकोप से संभल नहीं पा रहे थे तो छोटे फुटकर व्यवसायी की स्थिति तो भूखों मरने तक की आ गई थी। सरकार की ओर से राशन की व्यवस्था के बावजूद स्थिति सम्भलती न देखकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरूआत की गई जिससे फुटपाथ विक्रेताओं की पूंजी जो लॉकडाउन के समय समाप्त हो गई थी, उसमें उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके। झारखण्ड के सभी निकायों में सरकार द्वारा DAY-NULM योजना के अन्तर्गत पूर्व से ही फुटपाथ विक्रेताओं का पंजीकरण करवाया जा चुका था। प्रधानमंत्री स्वनिधि के तहत उन पंजीकृत दुकानदारों के साथ–साथ सर्वे के पश्चात् नये दुकानदारों को भी योजना में सम्मिलित किया गया।

योजना की शुरूआत में बहुत से दुकानदारों ने योजना के नकारात्मक पहलुओं को ज्यादा तवज्जो दी। परन्तु नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्त्ता, सी0आर0पी0 एवं TVC सदस्यों के प्रयास ने योजना को नई गति प्रदान की। योजना के लाभ ने दुकानदारों के बीच एक नई उम्मीद को जगाया। इसी उम्मीद ने नगर परिषद सिमडेगा के क्षेत्र की सलडेगा पहानटोली वार्ड नं0 05 की महिला धवला देवी के जीवनचर्या में बदलाव डाल दिया। धवला देवी मध्यम वर्गीय परिवार से सम्बन्धित एक विधवा महिला हैं। अपने परिवार की जिम्मेदारी को देखते हुये उन्होने फुटपाथ विक्रेता के रूप में व्यवसाय शुरू किया। उनके परिवार में पाँच बेटी एवं दो बेटे हैं। कुल सात संतानों की माँ ने सब्जी तथा चाय नास्ता की शुरूआत के रूप में डेली मार्केट में दुकान लगाया। इस दुकान से इनकी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी होने लगी। कोविड–19 के समय लगभग एक महीने तक बेरोजगारी और आर्थिक तंगी की वजह से उनके परिवार की स्थिति बिगड़ने लगी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत इन्होने कार्यालय में अपना आवेदन ऑनलाईन किया। इसके पश्चात् आई0डी0बी0आई के शाखा प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक ने आवेदन पर जल्द कार्रवाई करते हुये इन्हें 10,000.00 की ऋण राशि मार्गदर्शिका की शर्त्तो को समझा कर दिया। राशि मिलने पर पूर्ण रूप उक्त राशि को उन्होने अपने व्यवसाय में लगा दिया। आज वह ससमय अपना ऋण वापसी कर रही हैं। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना कोविड–19 महामारी जैसे बुरे दौर में भी वरदान साबित हुई।

**Mrs Dhawla Devi**



नगर मिशन प्रबंधक
DAY NULM
नगर परिषद, सिमडेगा